6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

महानगर
वर्ष 52 | अंक 114
पृष्ठ : 12
मूल्य : पांच रुपये

बरेली
सोमवार, 11 मई 2020

खांसते-छींकते रखें मुंह पर तौलिया या रुमाल

खुद रहें स्वस्थ...दूसरों में न बांटें बीमारी

amarujala.com

PAGE NO. 05 : LEFT BOTTOM

लॉकडाउनः बदलेगा नजरिया, शिक्षा में होगा तकनीक का प्रयोग

अंतरराष्ट्रीय आपदा के बीच उच्च शिक्षा की चुनौतियां और आयाम विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी



बरेली। बरेली कॉलेज में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय आपदा के बीच उच्च शिक्षा की चुनौतियां और आयाम विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला ने कहा कि बदलते परिदृश्य में अब केवल पठन-पाठन पर्याप्त नहीं होगा, तकनीक का ज्ञान भी जरूरी होगा। इसके लिए सबसे पहले शिक्षकों को खुद को तैयार करना होगा।

संगोष्ठी में बरेली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग मोहन ने कहा कि आपदा के बीच शिक्षा क्षेत्र में तकनीक का तेजी से प्रसार दिखा है। लाकडाउन के बाद आनलाइन शिक्षण व्यवस्था को सरलीकृत करने पर बेहतर काम होगा। महाविद्यालय के प्रबंध सचिव देवमूर्ति ने कहा कि इस कठिन दौर में शिक्षा ही नहीं, हमें अन्य क्षेत्रों में भी तकनीक के प्रसार की झलक देखने को मिल रही है। हमें नजरिया बदलते हुए ऑनलाइन क्लास और एडवांस तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। इस दौरान आईवीआरआई के डायरेक्टर डॉ. आरके सिंह, एआईआर बरेली की मीनू खरे, डॉ. राजेंद्र सिंह, प्रियंक मेहरोत्रा, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. स्वदेश सिंह, डॉ. एपी सिंह, डॉ. पंकज सक्सेना, डॉ. चारू मेहरोत्रा, डॉ. शैलेंद्र मौजूद रहे। ब्यूरो